
# भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान
## खण्डवा रोड, इंदौर-452001

**फाइल क्रमांक: प्रेस एवं पब्लिसिटी/ 2020/6** **दिनांक: 05.10.2020**

## भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान के संस्थापक निदेशक डॉ. प्रेम स्वरुप भटनागर को श्रद्धांजलि




अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि डॉ. प्रेम स्वरुप भटनागर, सेवानिवृत्त निदेशक, भारतीय सोयाबीन अनुसन्धान संस्थान, का स्वर्गवास दिनांक 5 अक्टूबर 2020 को हो गया है. डॉ. भटनागर, भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान के संस्थापक निदेशक थे. डॉ. प्रेम स्वरुप भटनागर जी ने इस संस्थान की नीव रखते हुए एक अत्यंत मजबूत आधारभूत ढांचा विकसित करने में अपना अमूल्य योगदान दिया हैं. डॉ. भटनागर का सोयाबीन से सम्बन्ध इस संस्थान की स्थापना से पूर्व गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि विश्वविद्यालय, पंतनगर से था जहाँ उन्होंने अखिल भारतीय समन्वित सोयाबीन अनुसन्धान परियोजना के अनुसन्धान कार्यक्रमों का नेतृत्व किया. डॉ. प्रेम स्वरुप भटनागर ने इस संस्थान

को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. उनके नेतृत्व में सोयाबीन भारतवर्ष में तिलहन फसलों में प्रथम स्थान प्राप्त कर सकी है. इस संस्थान की प्रगति में डॉ. प्रेम स्वरुप भटनागर ने सेवानिवृत होने तक अपनी जिन्दगी अर्पित करते हुए उपलब्धियाँ दिलाई हैं, डॉ भटनागर द्वारा किये गए प्रयासों को यह संस्थान एवं इसके सभी कर्मचारीगण सदैव स्मरण करते हुए ऋणी  रहेंगे.

भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान परिवार अपनी संवेदनाये एवं श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं एवं उनके अथक प्रयासों को आगे बढाने का संकल्प लेते हैं.

भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान परिवार के सभी सदस्यगण